# भा.कृ.अनु.प. - भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान- क्षेत्रीय केंद्र, करनाल
# ICAR-IARI- REGIONAL STATION-KARNAL

**F.No.ICAR-IARI/RSK/17-2/2025-26/** दिनांक 02.04.2025

## अल्पकालीन नीलामी सूचना

अध्यक्ष, भाकृअनुप–भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली की तरफ से **फलदार पौधे** की नीलामी/निविदा पत्र आंमत्रित करते हैं। निविदा हेतु विवरण निम्न प्रकार है।

| क्रम संख्या | नीलामी विवरण | अग्रधन/ EMD राशि | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **फलदार पौधे** | रूपये 5,000/– डिमांड ड्राफ्ट | 17.04.2025 सांय 03:00 बजे | 17.04.2025 सांय 03:30 बजे |

**निविदाकर्ता निविदा पत्र के साथ अपना आधार कार्ड या पैन कार्ड की प्रति साथ में संलग्न करें।**

## निविदा द्वारा बिक्री की शर्तें

- विधिवत हस्ताक्षरीत निविदा पत्र मोहर बंद लिफाफे मे प्रस्तुत किया जाए लिफाफे पर सम्बंधित विज्ञापन सख्या और निविदाकार का नाम उल्लेख होना चाहिए अन्यथा निविदा पत्र अस्वीकार किया जा सकता है।
- मोहर बंद लिफाफे/फर्म का नाम व पता सहित संस्थान के कार्यालय में रखी "निविदा पेटी" में डाले जाए।
- "जहाँ है जैसा है" के आधार पर सामान की बिक्री का प्रस्ताव है। संस्थान में आकर सामान के निरीक्षण के उपरान्त प्रति **फलदार पौधे** का उल्लेख करना है । **पौधे** देखने का समय कार्यालय समय में सवेरे 11:00 से दोपहर 1:00 बजे तक रहेगा ।
- अधिसूचित समय **17.04.2025** को सांय **03:00** बजे तक है, समय समाप्त होने के बाद निविदाये स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदाये **17.04.2025** को सांय **03:30** बजे खोली जाएगी। यदि कोई निविदा वाली फर्म निविदाये खोलते समय आना चाहे तो आ सकता है जिसकी सुचना उसे पहले से देनी होगी ।
- निदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली के पास निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है। निविदाकर्ता **फलदार पौधों** की स्थिति स्वयं को देखकर व मार्केट प्राइस को ध्यान में रखकर ही सामान की बोली लगायें।
- निविदाकारों को निविदा के साथ बयाना राशि **(EMD)** रू. **5000/– अध्यक्ष, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल** के नाम का डिमांड ड्राफ्ट जमा करना होगा । किसी अन्य रूप में बयाना स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसी निविदाएँ तथा बिना बयाने कि निविदाये अस्वीकृत की जाएगी।
- बयाना राशि **(EMD) का** डिमांड ड्राफ्ट अल्पकालीन नीलामी सूचना के प्रकाशित होने के बाद का जारी किया होना चाहिये । नीलामी सूचना के प्रकाशन से पहले जारी किये गए बयाना राशि के डिमांड ड्राफ्ट मान्य नहीं होगी ।
- फलदार पोधों को बेचते समय यह मान लिया गया है कि निविदा प्रस्तुत करने से पहले सभी पोधों का निरीक्षण कार्यालय करनाल मे आकर कर लिया गया है। खरीददार को सूचित किया जाता है कि खरीदने की पूरी जिम्मेदारी और जोखिम उसका स्वयं का होगा । किसी अन्य जानकारी/इश्तेहार पर भरोसा ना किया जाये और इस विषय मे किसी शिकायत पर भविष्य में विचार नही किया जाएगा।
- भुगतान की विधि -निविदा खुलने के उपरांत सफल निविदाकर्ता को उनके द्वारा उद्धरित/वर्णित राशि 50 प्रतिशत भुगता नकद निविदा खुलने के दिन करना होगा तथा शेष 50 प्रतिशत राशि का भुगतान अगले कार्यदिवस मे करना होगा ।

- संस्थान द्वारा निर्धारित आधार मूल्य से कम राशिप्राप्त होने की स्थिति मे उसी समय समिति के समक्ष ही पुनः बंद निविदा की प्रक्रिया भी की जा सकती है ।
- निविदा स्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष भा.कृ.अनु.प. - भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान- क्षेत्रीय केंद्र, करनाल उच्चतम शर्त के अनुरूप किसी भी निविदा को स्वीकृत करने/रद्द करने का पूर्णतया अधिकार होगा । पूरी निविदा के किसी भी भाग को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित होगा ।
- **मध्यस्तता** - किसी प्रकार के निविदा से सबंधित विवादों, मतभेदों के निराकरण हेतू भा.कृ.अनु.सं. क्षेत्रीय केंद्र, करनाल को प्रेषित किया जा सकता है । भा.कृ.अनु.प. - भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान- क्षेत्रीय केंद्र, करनाल का निर्णयकिसी भी पक्ष के लिया अंतिम रूप से मान्य होगा ।
- **सुरक्षा व्यवस्थाः-** सफल निविदाकर्ता को एकरारनामा के तुरंत बाद सुरक्षा की व्यवस्था स्वयं करनी होगी । चोरी, फलों की बर्बादी, इत्यादि प्राकृतिक विनाश अथवा किसी अप्रत्याशित कारण वंश क्षति के लिए यह केंद्र जिम्मेदार नहीं होगा ।
- **बाग में सभी पेड़ो का रख्ररखाव एवं नीचे की सफाई लटकी हुई टहनियों की छटाई का कार्य निविदा कर्ता का होगा ।**
- **किसी भी प्रकार की मशीनरी व् पानी का उपयोग निविदा कर्ता को स्टेशन निर्धारित मानदेय पर उपलब्ध करायेगे ।**
- **किसी भी प्रकार की सामग्री ( पेड़ से तोड़े गये फल ) का बिक्री एवं वितरण संस्थान के अन्दर करना मना है ।**
- **पेड़ो पर किसी भी प्रकार की दवा छिडकने से पहले हर बार प्रभारी वैज्ञानिक से लिखित में अनुमति लेनी होगी ।**
- **किसी भी** पौधे से कभी भी कलम लेगे व् अनुसंथान सम्बंधि कार्य में कोई हस्तक्षेप नही करेगा ।
- **निविदा राशि 1 साल ( 21 अप्रैल, 2025 से 31 मार्च, 2026) तक के लिए है व् दूसरे वर्ष 05 % बढ़ोतरी पर** अध्यक्ष महोदय की सहमति से बढाई जा सकेगी ।
- **बाग में निविदा कर्ता व् केवल उसके परिवार के सदस्य / कर्मचारी (अधिकतम पांच सदस्य ) ही आ जा सकेगे तथा उन सभी के पहचान पत्र स्टेशन के सुरक्षा अधिकारी से जारी करवाना अनिवाये होगा ।**
- इस केंद्र द्वारा कार्य गुढ़ाई, सिंचाई एवम जुताई आदि तथा कोई भी निर्माण किये जाने व अन्य कार्यो कराये जाने पर ठेकेदार का कोई हस्तक्षेप/आपति का अधिकार नही होगा ।
- फलों का तोराई कार्य पोधों को क्षति पहुंचाए बिना करना होगा ।
- अगर पेड़ से गिर कर किसी के साथ किसी प्रकार की दुर्घटना होती हा तो इसकी जिम्मेदारी निविदाकार की होगी ।
- ठेकेदार अथवा उनके कर्मचारियों द्वारा संस्थान की सम्पति को किसी प्रकार की क्षतिपूर्ति की जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी ।
- ठेकेदार फलों की सुरक्षा हेतू सुरक्षा पहरी/व्यक्ति प्रक्षेत्र के अंदर रख सकेंगें जिसकी जानकारी केंद्र की पहचान पत्रों के साथ पहले ही देनी होगी ।
- फलों के तोराई के समय मे किसी भी प्रकार से आग फलों के पेड़ो के शाखाओ एवम टहनियों की क्षति नही होनी चाहिय । ऐसा पाए जाने पर ठेकेदार के सुरक्षित राशि मे अंशतः या पूर्णतः जब्त कर लिया जाएगा ।
- असफल क्रेताओं को बयाना राशि का डिमांड ड्राफ्ट तीन दिन बाद वापिस किया जाएगा ।
- किसी भी प्रकार के लोकल टेक्स का वहन निविदाकर्ता को स्वयं करना होगा। संस्थान द्वारा किसी भी प्रकार का टैक्स नहीं दिया जाएगा ।
- यदि कोई और शर्त हुई तो वह नीलामी के समय घोषित कर दी जाएगी ।

शिव कुमार यादव

अध्यक्ष 02/04/2025

02/4/25

<u>फार्म संख्या 1 (नीलामी दर पत्र)</u>

1 निविदा देने वाले का नाम :

2 पत्राचार का पता :

3 दूरभाष संख्या :

4 निविदा खुलने की तिथि एवं समयः **17.04.2025 अपराह्न 3.30 बजे**

| प्रक्षेत्र | कार्य | पौधों की संख्या |
|---|---|---|
| भाकृअनुप–भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल | **फलदार पौधे** | आम - 485<br>नाशपाती - 15<br>आड़ू - 10<br>सिम्बल - 08<br>कटहल - 07 |

<u>घोषणा :-</u> मैं अधोहस्ताक्षरी यह घोषणा करता हूँ कि मैंने उपयुक्त सामग्री का स्वयं निरीक्षण किया है एवं मुझे किसी भी सरकारी संस्था द्वारा ब्लैकलिस्ट नहीं किया गया है । मुझे निविदा की समस्त शर्तें मंजूर हैं । में उपर्युक्त समस्त सामान अपनी जिम्मेदारी एवं निरीक्षण कर खरीद रहा हूँ एवं इसमें संबंधित समस्त जोखिम की जिम्मेदारी भी मेरी रहे गी।

निविदा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि **17.04.2025 सांय 03:00 बजे** तक है।
निविदा फॉर्म खोलने की तिथि **17.04.2025 सांय 03:30** बजे है।

नाम ______________________________

तिथि ______________________________

मोबाईल न0 ______________________________

ईमेल ______________________________

ठेकेदार के हस्ताक्षर निविदाकर्ता की स्टाम्प सहित